


डायमण्ड कॉमिक्स
1039 Rs. 8.00
प्राण
श्रीमतीजी और
रोबोट

भारत में सर्वाधिक बिकने वाले कॉमिक्स

डायमण्ड कॉमिक्स प्रस्तुत करते हैं



अंकुर बाल बुक क्लब के सदस्य बनें और बचायें रु. 200/- वार्षिक

डायमण्ड कॉमिक्स प्रा. लि. X-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, नई दिल्ली-110020

Printed & Published by Narendra Kumar on behalf of Diamond Comics with arrangement of Best Photo Offset Printers





डायमंड कामिक्स में चाचा चौधरी गिफ्ट पैक एक अनमोल उपहार (मूल्य 50/-)


कुछ देर बाद...
इससे तुम जो काम कहोगी, यह करेगा.
रोबोट! बर्तन साफ करो, खाना पकाओ, कपड़े धोओ, उन्हें प्रेस करो, वैक्यूम क्लीनर से फर्श साफ करो, ...
...बिस्तर लगाओ, फर्नीचर पालिश करो, जाले उतारो, लॉन की घास काटो, गमलों में पानी डालो, ...
खिड़कियों के शीशे चमकाओ, कार धोओ......
धड़ाक!
इसे क्या हो गया?
मैकेनिक बुलाना होगा.
आपने इतने ज्यादा काम बता दिये कि बेचारा बेहोश हो गया.


सेल्स गर्ल
बिक्री के लिए यह जरूरी है कि तुम ग्राहक के साथ मीठी मुसकान और सभ्यता से पेश आओ.
मैं समझ गयी.
गुड लक!
नमस्कार! मैं यह नये फार्मूले वाला किफ़ायती डिटरजेन्ट बेच रही हूं.
नहीं चाहिए!
© PRAN'S FEATURES


नमस्कार! मैं यह नये फार्मूले वाला...
जाओ! रास्ता नापो!
...मैं यह डिटरजेन्ट...
सिर मत खाओ!
कपड़ों को चमकदार और सफेद...
जाती हो या पुलिस को बुलाऊं?
नहीं बिका!
निराश मत होओ, सबसे पहले तुम अपने रिश्तेदारों और सहेलियों के घर जाकर इसे बेचो.
मैंने यही किया था.



श्रीमतीजी और टेलीफोन
किशोर! तुम्हारा टेलीफोन!
आता हूं.
वह कह रहा था कि बड़ी अर्जेंट बात करनी है.
मिट्टी से लथपथ जूते बाहर उतारकर आओ घर का फर्श गंदा हो जायेगा.
जूते बाहर उतार दिये.
रुको! अगर मिट्टी से सने कपड़ों के साथ तुम बैठोगे तो कुर्सी का वेलवेट खराब हो जायेगा इन्हें उतारो!
© PRAN'S FEATURES


ठहरो! कीचड़ से लथपथ हाथों से फोन उठाओगे तो कीचड़ उस पर लग जायेगा. हाथ धोकर आओ!
शीला : वह अर्जेंट फोन है.
घर की सफाई भी महत्वपूर्ण है.
हैलो!--?
क्या हुआ ?
लाइन कट गयी !


नाम
जल्दी इस दुकान में घुस चलो!
शीला : यह पुरुषों के लिए स्टोर है. हम यहां क्यों आये हैं ?
मेरी एक परिचित आ रही थी. उससे बचने के लिए यहां आयी हूं.
क्या उसकी बातें चटपटी होती हैं ?
हां.
तब तो उससे जरूर जानपहचान करनी चाहिए.
रुको!



साहसी फैण्टम की दुनिया में आइये हर माह फैण्टम पढ़ें।




अंग्रेज़ी सिखाये
आत्मविश्वास जगाये
ज़िन्दगी की दौड़ में
आगे बढ़ाये
डायमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
देशभर में हर उम्र के लाखों व्यक्ति
इस कोर्स का लाभ उठा चुके हैं।
'डायमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स' बंगाली, गुजराती, मराठी, नेपाली, उर्दू माध्यम में भी उपलब्ध है
डायमण्ड पब्लिकेशन्स


सही पिक्चर
शीला! क्या मैं तुम्हारे टी.वी. पर सीरियल देख सकती हूं?
क्यों नहीं? आओ!
आज का सीरियल मेरा मनपसंद है, मैं इसका हफ्ते से इंतजार करती हूं।
एपिसोड शुरू हो गया है।
पिक्चर कुछ धुंधली आ रही है, रिमोट कंट्रोल काम नहीं कर रहा, शायद बैट्री सैल खत्म हो गये हैं।
मैं टी.वी. का बटन दबाकर पिक्चर शार्प करती हूं।


गोगी! मुझे सीरियल दिखाई नहीं दे रहा.
ठहरो! पिक्चर शार्प तो हो गयी, लेकिन रंग गायब हो गये.
रंग आ गये, लेकिन पिक्चर जम्प करने लगी है.
मुझे टी.वी. देखने दो.
अब पिक्चर जम्प नहीं हो रही.
मुझे टी.वी. दिखाई नहीं दे रहा.
आवाज ठीक करने दो.
एक तरफ हटो!
हां अब सबकुछ ठीक है.
लेकिन मेरा मनपसंद सीरियल निकल गया!


कारण
शांति बहन! परेशान क्यों हो?
बेटी की शादी के कारण कौन परेशान नहीं होगा?
क्या कोई अच्छा वर नहीं मिल रहा?
शादी तो हो चुकी है.
फिर तो तुम्हें खुश होना चाहिए?
उसने लव मैरिज की है.


तो क्या हुआ ? आजकल तो यह आम बात है.
मैं मनपसंद शादी के खिलाफ नहीं हूं. मेरी अपनी लव मैरिज हुई थी.
तो फिर शायद तुम बेटी के बिछुड़ने के कारण उदास हो ?
देखो, एक दिन तो सभी लड़कियों ने अपने घरों में जाना है.
बिछुड़ने का किसे ग़म है ?
तो फिर ?
लड़का अपने परिवार के साथ यहीं रहने को आ गया है.


वार्तालाप
हमें एक सफाई अभियान चलाना चाहिए.
शीला ! मुझे प्लायर्ज़ लाकर देना. वह ड्राइंग रूम की मेज पर रखा है.
ईश्वर के बाद अगर कोई चीज है तो वह है स्वच्छता.
मिसेज वर्मा के घर का फर्श इतना चमकता है जैसे दर्पण.
वहां धूल का नामोनिशान नहीं.
मैंने कहा, अंदर से मुझे प्लायर्ज़ लाकर दो.
शायद तुम्हारे पति कुछ मांग रहे हैं.


वह एक अहंकारी पति है जो यह उम्मीद रखता है कि मैं सारे महत्वपूर्ण डिस्कशन्स छोड़कर उसके लिए एक मामूली औजार लेने आऊं.
सारे पति बीवियों पर हुक्म चलाना अपना अधिकार समझते हैं.
अगर किशोर ड्राइंगरूम में आकर खुद प्लायर्ज़ ले आयेगा तो उसकी मर्दानगी कम नहीं हो जायेगी.
अच्छा बाबा! नाराज न हो. मैं खुद ही अंदर जाकर प्लायर्ज़ ले आता हूं.
रुको!
तुम्हारे पैर मोबिल आयल से सने हैं. मेरा फर्श गंदा हो जायेगा.


झिंग्रियां
मिसेज बोस! आजकल आप क्या कर रही हैं?
कुछ नहीं, शीला!
अकेली हूं, घर में बैठी बोर होती रहती हूं.
आप जैसी अकेली महिला को नौकरी कर लेनी चाहिए, वक्त कट जायेगा साथ में पैसे भी आयेंगे.
तुम ठीक कहती हो, मैंने नौकरी ढूंढने की कोशिश की थी, मगर मिली नहीं.


फिर मैंने एम.ए.पास किया, लेकिन फिर भी इंटरव्यू में सैकड़ों कैन्डीडेट्स से कम्पीटीशन होता था.
जब मैंने एम.एस.सी. पास किया कम्पीटीशन घटकर दर्जनों तक आ गया.
मैंने फिर पी.एच.डी. की, नौकरी के लिए कम्पीटीशन और कम हो गया.
फिर मैंने डी.लिट. की. अब मैं इंटरव्यू में आये प्रार्थियों की लिस्ट में सबसे ऊपर थी.
तब तो तुम्हें ज़रूर नौकरी मिल गयी होगी?
नहीं. पढ़ते-पढ़ते मैं ओवर-एज हो गयी थी.
© PRAN'S FEATURES


एक घटना
किशोर! मैं रानी के साथ शापिंग को जा रही हूं. पीछे से अपना ख्याल रखना.
शीला! तुम क्या समझती हो? तुम्हारा पति बच्चा है?
उससे भी गया गुजरा. शेव करते वक्त कभी ब्लेड से उसका गाल कट जाता है तो कभी कील ठोंकते हुए हाथ पर हथौड़ी की चोट लग जाती है.
मुझे हमेशा उसकी फिक्र लगी रहती है.
मुझे दफ्तर से ओवर टाइम के एक हजार रुपये मिले हैं. इन्हें उस अलमारी के पीछे छुपा देता हूं. वर्ना शीला इन्हें खर्च कर देगी.
© PRAN'S FEATURES


आह ह! अलमारी गिरी!
तुमने कार क्यों रोक दी?
मुझे अनुभूति हुई है कि पीछे हमारे घर में कोई दुर्घटना हुई है. वापस जाना होगा.
देखा? किशोर गैस स्टोव जलता छोड़कर टी.वी. देखने लग गया. मकान में आग लग सकती थी.
आओ, चलें
बचाओ!
मैंने किसी की चीख सुनी.
वह टी.वी. सीरियल की होगी.


दो सहेलियां
रामी! दो सहेलियों का शापिंग करने का लुत्फ़ ही कुछ और है.
हां, शीला! इसीलिए हम हमेशा खरीददारी करने इकट्ठी जाती हैं.
जब मुझे पता चला कि साड़ियों पर सेल लगी है तो सोचा क्यों न तुम भी उसका फायदा उठाओ. इसलिए तुम्हें बुला लिया.
लेकिन ज्यादा फायदा तुम्हें हुआ. दो हजार रुपये के हम दोनों के एक कैशमैमो पर गिफ्ट की जो स्कीम थी उस पर तुम्हें टेबल क्लॉक मिला. वर्ना एक हजार की साड़ियां खरीदने पर वह तुम्हें न मिलता.
तो क्या हुआ? पिछली बार हम दोनों ने मिलकर दो मिक्सी-ग्राइंडर्स खरीदे थे. इनाम का पॉकेट ट्रांजिस्टर तुमने हथिया लिया था.


तुम्हारी नजर लगी और वह ट्रांसिस्टर गिरकर टूट गया
बोलने की तमीज सीखो!
मुझे तमीज सिखाने चली है बदतमीज!
कलमुंही!
खुदगर्ज!
धोखेबाज!
निकम्मी!
फरेबी!
मुझे तुम्हारे साथ चलना भी पसंद नहीं, निकल जा इस छतरी से बाहर।
तुम भूल गयी हो कि यह छतरी मेरी है!
© PRAN'S FEATURES


शापिंग
अच्छी शापिंग हो गयी, अब घर चलना चाहिए
स्टोर
ओह हू! बस के टिकट के लिए कोई पैसा बचा ही नहीं।
अब मैं घर कैसे जाऊंगी?
बहन! मुझे तीन रुपये उधार दे दो?
मैं तुम्हें जानती नहीं, उधार कैसे दे दूं?
भाई साहब! क्या आप बस के किराये के लिए पैसे उधार दे सकते हैं?
सॉरी सिस्टर! मुझे दफ्तर को देर हो रही है।


मैं अपने घर से पंद्रह किलोमीटर दूर हूं, वहां कैसे पहुंचूंगी!
मैं कर्ज पर कार खरीदकर घर पहुंच सकती हूं, आशा बंधी!
कार के लिए कर्ज
फाइनैंस
इन कागजों पर दस्तखत कर दीजिए।
फाइनैंस
यह कार आपकी हो गयी, सम्भालिए इसकी चाबी.
अरे? इसमें तो पैट्रोल नहीं है, यह चलेगी कैसे?
सॉरी, पैट्रोल के लिए कर्ज देने की कोई स्कीम नहीं है.


चाय
शीला! मैं बाजार से किचन का सामान ले आया.
घी, चावल, चीनी, हल्दी, माचिस, दालें, पापड़, बादाम.
चाय कहां है?
तुमने उसे लिस्ट में नहीं लिखा था!
जब तुम दरवाजे से निकल रहे थे तो मैंने चाय लाने को कहा था.
मैं जुबानी नहीं, लिखित आर्डर लेता हूं.
ठीक है, मैंने लिख दिया, बाजार जाकर उसे ले आओ.


लौट क्यों आये?
तुमने यह नहीं लिखा कि चाय कितनी लानी है?
500 ग्राम.
तुमने यह तो लिखा ही नहीं कि चाय दार्जिलिंग की लानी है या आसाम की?
दार्जिलिंग की.
लेकिन तुमने यह नहीं लिखा कि चाय पैकेट में लाऊं या खुली?
ओह! कलम टूट गई!
मैं खुद ही जाकर उसे ले आती हूं.
© PRAN'S FEATURES


शादी का खर्च
नवीन की चिट्ठी आयी है. अगले इतवार को उसकी शादी है.
ओहहह! शादी पर मैं क्या पहनकर जाऊंगी?
मेरे लिए ही नहीं, शानू और शैली के लिए भी नये कपड़े आयेंगे.
मेरे लिए ज्वैलरी का नया सैट और तुम्हारा सूट भी आयेगा.
© PRAN'S FEATURES


नहीं तो मैं शादी में शामिल नहीं होऊंगी.
अच्छा बाबा, वे सब खरीदेंगे.
इतवार के दिन सब नये कपड़े पहनकर तैयार हैं.
आओ, चलें.
शीला ! नये कपड़ों और ज्वैलरी पर कितना पैसा खर्च हो गया होगा ?
पैंतीस हजार रुपये.
स्वागतम्
नवीन ! तुम दूल्हा-दुल्हन ने बिल्कुल सादे कपड़े पहन रखे हैं ?
सारी शादी में अठारह रुपये खर्च हुए हैं- ग्यारह रुपये पुरोहित को और सात रुपये का नारियल.


लड़की और लड़का
गोगी ! इतनी सारी मिठाई खा रही हो ?
शीला ! तुम जानती हो, खाना मेरी कमजोरी है.
अगर तुम दुबली नहीं हुई तो कौन तुमसे शादी करेगा ?
शादी के लिए एक चिट्ठी आयी है. टेलीफोन पर तुम लड़के वालों से बात करके देखो.
ट्रिन !
ट्रिन



लड़की की सारी बातें लड़के से मेल खाती हैं।
तो फिर आप बेटे को लेकर यहीं आइये, ताकि लड़का-लड़की एक दूसरे को देख लें।
मां-बेटा आ रहे हैं।
हुर्रे!
वे आ गये हैं।
यह शादी नहीं हो सकती.
क्यों?
क्योंकि लड़की दुबली है।
© PRAN'S FEATURES



पति की सूझबूझ
मिसेज बांगा के यहां तंबोला पार्टी है।
अच्छा? तब तो मैं भी तुम्हारे साथ वहां चलती हूं।
पर तुम्हारे घर की सफाई का काम रह जायेगा।
नहीं, वह किशोर कर लेगा।
क्या तुम्हारा पति वह करेगा?
वह मुझे इंकार नहीं करता, यही उसमें खूबी है


किशोर! मैं थोड़ी देर के लिए बाहर जा रही हूं.. पीछे से घर की सफाई कर देना.
कुछ ऐसा किया जाये कि सफाई का झंझट न करना पड़े और बीवी भी नाराज न हो. इस सोफे को इधर सरकाता हूं..
बुक शैल्फ को उधर खिसका दिया जाये..
यह टी.वी. उस तरफ ले जाया जाये.
देखा? मैंने न कहा था कि मेरे पीछे से सफाई हो जायेगी.
तुमने कैसे जाना?
सारा फर्नीचर अपनी जगह से हटा हुआ है.

हिचकी


हिक-हिक-- हिक क--
?
शीला! हिचकी का कोई इलाज बताओ-- हिक-क--
गर्म चाय पी लो.
--हिक-- सुबह से- हिक- पंद्रह कप-- हिक क-- पी चुका हूं.-- हिक क--
थोड़ा शहद चाट लो.
आधी शीशी मैंने- हिक- ही खत्म की है- हिक-
योगाभ्यास की किताब में लिखा है कि शीर्षासन लगाने से हिचकी आना ठीक हो जाता है.


तौबा!-- हिक- सिर के बल-- हिक क--
मैं नहीं-- हिक-- खड़ा हो सकता.
क्यों नहीं कोई फिल्मी गाना गाते? ध्यान बंट जायेगा.
क्या मोहल्ले- हिक- से निकलवाना चाहती हो?--हिक.
एक और उपाय है.
क्या? हिक.
यह टोकरी लेकर एक टांग पर फुदकते हुए मार्किट तक जाओ और फिर वैसे ही घर तक वापस आओ।
हिक-क-
क्या-- हिक-- इससे हिचकी ठीक-- हिक क-- हो जायेगी?-- हिक-क--
पता नहीं, लेकिन मुझे सब्जी चाहिए.


सफाई
अहा! आज कितना अच्छा मौसम है? शीला! क्यों न बाहर कहीं घूमने निकल जायें?
अगर मैं चली गयी तो घर की सफाई कौन करेगा?
अभी वाशिंग मशीन लगा कर कपड़े भी धोने हैं और क्राकरी साफ करनी है.
सफाई करने के अलावा क्या जिंदगी में और कुछ नहीं बचा?
तुम क्या समझती हो कि फर्श में थोड़ी धूल रहने से या खिड़की का पर्दा थोड़ा मैला होने से आसमान गिर पड़ेगा?


या अगर कोई मेहमान अचानक आ गया और उसे मेज पर चीज़ें बिखरी मिलीं तो क्या हमारी बेइज्जती हो जायगी?
और फिर जब हम घर को ताला लगाकर बाहर जायेंगे तो पीछे से घर में आयेगा कौन?
अच्छा बाबा! लेक्चरबाजी बंद. मैं चलने को तैयार हूं.
हां! यह हुई न बात..
मैं कपड़े बदलकर आता हूं.
किशोर! तुम जाने के लिए अभी तक तैयार नहीं हुए?
तुम क्या करती रहती हो? अलमारी में पहनने के लिए एक भी कमीज साफ नहीं है.


साड़ी का प्रिंट
गोगी! यह साड़ी मेरे पति को पसंद आयेगी.
क्लाथ हाउस
HOTEL
मर्दों को साड़ी की प्रशंसा करना नहीं आता.
पर किशोर ऐसा नहीं है.मुझे कौनसी साड़ी मैच करेगी उसे पता रहता है.
किस मौके पर पत्नी को कैसे कपड़े पहनने चाहिये इसका उसे ज्ञान है.
वह पत्र-पत्रिकाओं में देखता रहता है कि साड़ी का कौनसा डिजाइन निकला है!
© PRAN'S FEATURES


सिल्क और काटन के बीच कौन से प्रिंट्स हैं, उससे ज्यादा और कोई नहीं जानता.
इसीलिये यह साड़ी मैंने उसकी पसंद का ध्यान रखते हुए खरीदी है.
किशोर कहां हो? मैं एक साड़ी खरीदकर लायी हूं.
मैं बाथरूम में नहा रहा हूं.
यह साड़ी तुम्हें कैसी लगी? यह पूछना था.
कितने की है?
पचास रुपये की.
बहुत अच्छी है.
तुम्हारा फटा नोट कपड़े की दुकान पर चल गया.
साड़ी का प्रिंट बहुत खूबसूरत है.


आधी रात को
खर्र! खर्र!!
ट्रिन! ट्रिन!
ट्रिन...
किशोर, उठो! टेलीफोन की घंटी बज रही है.
जाकर तुम देख लो.
ट्रिन...
नहीं! आधी रात को फोन आया है. जरूर कोई बुरी खबर होगी. मैं उसे सुनकर नर्वस हो जाऊंगी.
फोन किसका हो सकता है? मेरी छोटी बहन का? कहीं वह परीक्षा में फेल तो नहीं हो गयी?



कहीं मेरे भाई का एक्सिडेंट तो नहीं हो गया? वह मोटरसायकल बड़ी तेज चलाता है.
कहीं मेरे चाचा मुकदमा तो नहीं हार गये?
मेरे पापा को दो बार हार्टअटैक हो चुका है. कहीं उन्हें तीसरी बार दिल का दौरा तो नहीं पड़ा? कहते हैं तीसरी बार कोई
ज़िन्दा नहीं बचता..
हैलो!
क्यों रो रही हो?
हू.हू..
पहले बताओ, किसका फोन था?
वह रांग नम्बर था. सो जाओ!



क्लीयरेन्स सेल
मिसेज शीला यह खुशखबरी सुनकर उछल पड़ेगी?
सेल
कीमतों में 75% कमी
रामी!
शीला! जीनबीन स्टोर्स में वार्षिक सेल लगी है.
कीमतों में 75 प्रतिशत डिस्काउंट दे रहे हैं. साथ में लकी गिफ्ट्स. मैं तुम्हारे घर आ रही हूं. फिर हम दोनों चलेंगी.
यह मौका कभी कभी आता है.
हमें चूकना नहीं चाहिए.


शुक्र है, शीला! तुम तैयार हो.
क्या तुम्हें पता है कि वहां किन चीजों की सेल है?
नहीं, वहां जाकर पता चल जायेगा.
नहीं, हमें वहां टेलीफोन करके पूछ लेना चाहिए.
हेलो, गीनबीन स्टोर्स?...
सेल की वस्तुएं हैं - बालबीयरिंग्स,
सेल चाहे किसी चीज की हो, हम वहां न हों? यह कैसे हो सकता है? चलो!


घर का कूड़ा
त्यौहार पर घर की सफाई होगी.
मैंने म्युज़िक सुनने जाना है.
मैं क्रिकेट खेलने जा रहा हूं.
मुझे बाहर जाना है.
कोई नहीं जायेगा. सफाई में तुम मेरी मदद करोगे.



तब तक मैं और कचरा इकट्ठा करती हूं.
शानू! यह खाली डब्बे और फालतू चीजें बाहर फैंक आओ.
शैली! यह टूटी क्राकरी, कांच और कूड़ाकरकट बाहर फैंको.
यह मरे हुए काकरोच, मच्छर और सिगरेट के टुकड़े.
घर के बाहर भी झाड़ू लगाना जरूरी है.
देखो! हमारा घर कितना साफ हो गया.
© PRAN'S FEATURES



रंग अपना अपना
मम्मी! तुम्हारी पिचकारी देखकर हर कोई भाग खड़ा होगा.
शैली! तुम ठीक कहती हो. खिड़की से तुम शिकार को देखो. मैं बाहर निकलकर उस पर रंग डालूंगी.
मोगी! इधर से गुजर रही है. उस पर रंग डालो.
वह तो पहले ही बेशुमार रंगों में रंगी है. मैं अपना कीमती रंग क्यों बर्बाद करूं?
मिसेज बोस आ रही हैं.
© PRAN'S FEATURES



डायमण्ड कॉमिक्स में

कार्टूनिस्ट प्राण के प्रसिद्ध चरित्र

चाचा चौधरी सीरीज

बिल्लू सीरीज



डायमण्ड रंग भरो प्रतियोगिता

(नम्बर 4)



इस तस्वीर में रंग भर कर तुरन्त भेजें! पहले 100 बच्चों को 100 रु. की पुस्तकें ईनाम में भेजी जाएंगी!

हमारा पता- डायमण्ड कॉमिक्स, 257 दरीबा कलां दिल्ली-110006

नाम [illegible] उम्र 12

पता ....


A.H.W.
PERFETTI
बड़ा बबल बनायें
Big Babol
soft bubble gum
fruits flavour
और भी बड़ा बबल बनायें!
soft bubble gum
Big Babol
fruits flavour
non sticking
हर पीस में 25% ज़्यादा !
नर्म न चिपकनेवाली बबल गम। अब और भी नर्म